As regards making of Election Commission a multi-member body, I have not been able to appreciate it. The Election Commission, by and large, has been very fair, free and impartial in this country. Whenever a team loses the game, it always ascribes blame to the umpire. Therefore, those parties which have not been very fortunate in the elections always question the methods adopted by the Election Commission. I would say, the Election Commission, the Supreme Court, the High Courts, the judiciary, the Comptroller and Auditor General, the Members of the Public Service Commissions, by and large, have been very independent and effective. Therefore, I do not accept this part of the Resolution.

As regards reducing voting age to 18 years, I am afraid, this is not desirable. They belong to a very explosive and inflammable material; they are very emotional type of people. I think, this point has been discussed a number of times in the House. Therefore, I will not go into the details of it.

So far as the List System is concerned, I am afraid, this will be giving unnecessary power of patronage in the hands of all parties. Because the moment they give the list, it is for them to select the candidates. They would be showing favouritism to their own stooges in the party. I oppose it.

I support that the counting of votes be conducted booth-wise. Because the parties should know their respective strength and weakness in a particular part of the constituency. Although this practice has been discontinued on account of vicitimisation of certain sections of people when they come to know that they have not fared well, I accept this part of the Resolution that the parties should know their strength and weakness in a particular part of the constituency.

With these words, I would appeal to Shri Atal Bihari Vajpayee to withdraw the Resolution. The House should feel grateful to him. Though it cannot extend its support, at least it can appreciate his point of view that he has tried to give an opportunity to the House to go into certain fundamental matters which affect us all.

श्री मूल चन्द डागा (पाली): सभापति जी, चुनाव प्रणाली सही होनी चाहिए कम खर्चीली होनी चाहिये—इस बात में कोई दो राये नहीं हो सकती। मेरे से पूर्व बोलने-वाले जो वक्ता थे, मैं उन की बात को नहीं मानता—वे 18 वर्ष के नौजवान को वोट देने से वंचित करना चाहते हैं—यह बिलकुल गलत बात है। आज लोकतन्त्र में जो हमारा युगधर्म बन चुका हैं उस में उन को भी

अधिकार होना चाहिये वे अपने मत का इस्तेमाल कर सकें । आप की ज्वाइन्ट कमेटी ने भी माना था कि 18 वर्ष का पढ़ा लिखा लड़का आज कानून की दृष्टि में बालिग है, अदालत में बयान दे सकता हैं, काम-धन्धा कर सकता है तो फिर उस को मत से वंचित न कीजिये । लोक तन्त्र को फैलाने में जो सहायक बन सकता है, उस को आप पीछे खीचना चाहते हैं । सरकार को इस बात को मान लेना चाहिये कि जो 18 वर्ष का बालिग है, चाहे स्त्री हो या पुरुष हो उस को अपना मत का पूरा अधिकार होना चाहिए । मान लीजिये एक परीक्षा होती है, उस परीक्षा में जो निश्चित समय होता है उस में एक को पूरे साधन और सुविधा ये उपलब्ध करें और दूसरे को वे साधन या सुविधाये उपलब्ध न हो तो वह ता ठीक नहीं है । जो तीन घन्टे परीक्षा में बैठता है उस को वे सुविधायें उपलब्ध होनी चाहियें जो दूसरों को उपलब्ध हैं ।

उस समय बलवंत राय मेहता जी ने कहा था कि हमारे साधन और साध्य पवित्र होने चाहिये हमारी आज की चुनाव प्रणाली में हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पूंजीपति धनीवर्ग चुनाव में आगे आ जाते हैं और जो गरीब आदमी है वह आगे नहीं आ पाता, उस को आगे लाने के लिये हम को उपाय ढूंढना होगा । चुनाव आज महगा हो गया है-- इस बात को हम किसी रूप में कहें या न कहे लेकिन यह सच्चाई है कि ईमानदार आदमी नेक तबियत का आदमी अगर अपनी बात को रखने विधान सभा में जाना चाहता है तो जा नहीं सकता, क्योंकि उस के पास साधन उपलब्ध नहीं है, इन साधनों की सीमामुकर्रिर करनी होगी । एक आदमी के पास 50 जीपें है, लेकिन दूसरे के पास केवल 4 जीपें हैं एक आदमी के पास पूरी सुविधायें हैं, दूसरे के पास नहीं है तो बताइए वह कैसे चुनाव जीत सकता है । इस लिय में ऐसा मानता हूं कि हमें चुनाव को कम खर्चीला बनाना होगा, हम को ऐसी प्रणाली ढूंढनी होगी जिस में एक साधारण व्यक्ति भी चुनाव लड़ सके ।

इस का सब से बड़ा उपाय यह है कि हम को सब के साधन बराबर करने चाहिये, साधनों की सीमा एक सी होनी चाहिये । यह नहीं हो कि एक को घोड़ा दे दिया और दूसरों पैदल चल रहा है । प्रत्येक चुनाव क्षेत्र में मतदाताओं को मालूम होना चाहिए कि जो चुनाव लड़ते है उन के साधन स्वच्छ हैं, पवित्र हैं और सीमा के अन्दर हैं । ऐसे चुनाव से जो जीत कर आएगा, वह अपनी ईमानदारी से अपने सिद्धान्तों के आधार पर अपनी नीतियों के आधार पर चुन कर आएगा । मैं इस बात को नहीं मानता कि चुनावों के दिनों ज्यादा शिलान्यासों से असर पड़ता है, चुनावों का इस बात से कोई सम्बन्ध नहीं है– मतदान इस से प्रभावित नहीं होता है ।

कुछ लोग धर्म और जाति के आधार पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं–यह एक गलत परम्परा है । हमें जाति और धर्म की दीवारों को तोड़ना चाहिए । अगर ये दीवार नहीं टूटती हैं तो हम हिन्दुस्तान में जो एकता कायम करना चाहते हैं वह कायम नहीं हो सकेगी । आज हिन्दुस्तान में जाति और धर्म के नाम पर जो शोषण की प्रवृत्ति चल पड़ी है हमें उस के खिलाफ कदम उठाना चाहिये । और यह कदम तो सही है । आज कल का मतदाता पार्टी की नीतियों को समझता है, यह बात नहीं कि नहीं समझता है । लेकिन एक बात जरूर है कि कई जगहों पर कई चुनावों में हम ने यह देखा है कि आप के सरकारी आदमी निष्पक्ष होते हुए भी कभी-कभी वह भी चक्कर में आ जाते है । और इस प्रणाली में हमें एक्शन लेना चाहिए इसलिए जो माननीय वाजपेयी जी ने प्रस्ताव रखा है उस में जोइंट कमेटी की रिपोर्ट भी है इलेक्शन कमीशन के पास उन की रिकमन्डेशन को आप इमप्लीमेंट करना चाहते हैं कि नहीं ? उसमें सब पार्टियों के लोगों ने बैठ कर विचार किया

[श्री मूलचंद डागा]

था लेकिन उस पर कोई अमल नहीं हुआ। कभी कभी यह होता है कि रिपोर्टस को कोल्ड स्टोरज में रखा जाता है।

(श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : कोल्ड स्टोरेज में नहीं है।

श्री मूल चन्द डागा : कोल्ड स्टोरज में नहीं हैं तो उस पर एक्शन लीजिये। जब हम सरकार को कहत हैं कि हमारे निर्णय का इमप्लीमेंटेशन होना चाहिये तो उस पर अमल नहीं होता है। फिर क्या फायदा कमेटियां बनाने से इसलिये आप इस रिपोर्ट को कार्य रूप में परिणत कीजिय यही मेरा कहना है।

SHRI C. H. MOHAMED KOYA (Manjeri): The time has come for us to ponder over the question whether any change is necessary in the election system of the country. The Parliament and the Assemblies are constituted on the British model and they do not truly represent the voters. Even though in the UP elections Congress came back with a thin majority, the percentage of votes they got was only 29 or 30 and so the Assembly is not truly representative of the people. Therefore, the time has come when we should think of some other system of democracy than the present one like proportional representation with cumulative voting or any other system where the people's will be truly reflected.

Another thing. Many irregularities have been pointed out as also in the influence of money in the elections. I was working in the UP elections. I found money was flowing like water. A lot of black money was spent. Whether it influenced the voters or not is a question on which I cannot sit in judgment, but if this money was not spent by the Parties, I do not know what would be the result. It is a bad practice. A lot of money was collected from big business by using official pressure.

What did happen in UP? The government was put in cold storage. There was no democratic Government at the that time and only on the eve of the elections a government was imposed. I would suggest a system by which the government goes out of office on the eve of the elections, the ruling party will also contest and there should be President's rule in all the States on the eve of the elections.

SHRI NARSINGH NARAIN PANDEY: Why President's rule? What happened in Kerala?

SHRI C. H. MOHAMED KOYA: There were a lot of complaints about official intereference in the elections. We will have to think of some other system.

Another thing, the Government officials are now put in charge of elections as presiding officers. They will have to be loyal to the Government. Cannot we think of some other system by which the Election Commission appoint officers to conduct the elections.

SHRI VASANT SATHE (Akola): For once, the Muslim League is supporting the Jana Sangh. That is a good point.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: They have been supporting Congress till now.

SHRI VASANT SATHE: Now there is a change.

SHRI C. H. MOHAMED KOYA: The Congress Member who just sat down said that he supports Mr. Vajpayee's resolution partially Congress can support them partially and fully. I am not supporting Jan Sangh, I am supporting certain points of Mr. Vajpayee's resolution. What is democracy if I cannot support, if I think it is worth supporting?

There is official interference for example in the constituency of Moradabad West. The candidate told me that voters were intimated. The opposition parties have complained that ladies were not allowed to vote in Moradabad rural area.

I will tell you another instance. The officers of the Government who were under UP Government were the counting officers. In Saharanpur, Dr. Tahir Hussain was leading by 400 votes when the lights suddenly went off. Power failure came to rescue of the ruling party. When the current was restored the Congress candidate was declared elected. An interesting aspect of the incident was that while AIR declared this person elected by 1700 votes, the election record showed him winning by 300 votes. All these things show that there is something wrong somewhere. All is not well in the State of Denmark. Mr. Piloo Mody produced yesterday a ballot paper in the House. We can also produce from Moradabad area where Ballot papers were torn off.

16.47 hrs.

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

In Rae Bareli, the Home constituency of the Prime Minister, votes were counted and recounted four times and each time the result was different. The first count gave BKD 24 votes more. The second count gave BKD 2 votes less than the Congress candidate. On the third count BKD was found winning by 26 votes. And on the fourth count ruling Congress as declared elected by 32 votes.

In Moradabad city when the candidate was defeated by 85 votes or so, he asked for recount. The rule says that it must be recounted. But it was not recounted. They say they have got the machinery of Election commission etc. and that they will look after. But what I am saying is that the Government officials are misusing the power. Whichever Government comes to power they have to serve under them. They are misusing their influence to do such kinds of things.

SHRI S. A. KADER (Bombay-Central South): Who won in Moradabad election?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: You were defeated.

SHRI C. H. MOHAMED KOYA: I say that the officers. I don't say Congress. Don't think officers are always with the Congress. Don't pooh-pooh these things. You should take these things seriously. Always Congress will not remain in power; you will have to bear in mind that somebody else also will be in power. Voting should be foolproof. All these things which I mentioned should be avoided. Elections should be made free and fair.

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : मैं मुस्लिम लीग के माननीय सदस्य का भाषण सुन रहा था । उत्तर प्रदेश की बातें उन्होंने बताई हैं । लेकिन फीरोजाबाद में जहां चूड़िया और बैंगल्ज बनती है, इनका कैंडीडेट जीता है । जो प्रस्ताव वाजपेयी जी ने रखा है उस में कुछ अच्छी बाते हैं । चुनाव पर खर्चा कम होना चाहिये । सरकारी साधनों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिये । इन चीजों को मैं मानता हूं । 1971 के चुनाव में मैं आपको बताना चाहता हूं कि जन संघ के भाई भी मेरे खिलाफ लड़ रहे थे । गलत चीज को भी वे सही समझने तब लगे गए । उन्होंने समझा कि हम जीत रहे हैं । जीत मनाने के के लिए सवारी के लिए उन्होने हाथी मंगा लिया । लेकिन जब मैं साठ हजार वोटों से लीड करने लग गया तो हाथी को वापस भेजने की उन्होने कोशिश की । लेकिन हमारे लोग कहां चूकने वाले थे । उन्होंने हाथी खुद ले लिया और उसको सजाया । मैं समझता हूं कि जहां तक चुनावों का सम्बन्ध है हम सब को अपना दिल टटोलना चाहिये । मुस्लिम लीग के दोस्तों की मैं बड़ी इज्जत करता हूं । लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि जो भाषण इस चुनाव में उत्तर प्रदेश में उनके हुए क्या वाकई में वे ऐसे थे कि मुल्क की इकतसादी हालत अच्छी हो सकती थी । मैं उन से पूछना चाहता हूं कि जो 27 लाख बुनकर बेबसी की हालत में, बेकसी की हालत में उत्तर प्रदेश में जीवन गुजार रहे हैं और पैसे पैसे के लिए मुहताज हैं,

[श्री एस० एम० बनर्जी]

कभी उन्होंने उनके लिए एक आंसू भी बहाया है ?

वे नौजवान मुसलमान जो 1947 के बाद पैदा हुए जिन्होंने देखा नहीं बहनों का सुहाग लुटते हुए, देखा नहीं हिन्दू-मुसलमानों का कत्लेआम होते हुए, देखा नहीं फिरका परस्ती का नतीजा, वे आप की बातों में नहीं आ सकते हैं। कानपुर शहर में विक्टोरिया मिल बन्द पड़ी है और वहां चार हजार में से दो हजार मुसलमान काम करते हैं। वहां आप का हरा झंडा जाते हुए किसी ने नहीं देखा है। हां लोगों ने वहां लाल झंडा ले कर गिरफ्तारियां दी है। कोपर एलन जो सब से बड़ा चमड़े का कारखाना है वहां कम से कम तीन हजार मुसलमान काम करते हैं। उन गरीबों के लिए भी आपने एक आंसू बहा लिया होता। लेकिन आप आंसू किस के लिए बहाते हैं, बशीर साहब के लिए जो जे० के० के पार्टनर है।

कानपुर की बात मैं कहता हूं। वहां पांच सीटें शहर की हैं। मुस्लिम लीग लड़ी सीढ़ी ले कर। हरा परचम ले कर वह गली गली में घूमी और प्रचार किया कि यह तुम्हारा झंडा है कहा कि रोजी रोटी की लड़ाई तो कुत्ते भी लड़ते हैं लेकिन हम लड़ाई लड़ते हैं दीन के लिए, ईमान के लिए, कुरान के लिए। लेकिन क्या हुआ ? संजीदा मुसलमान समझ गए कि वह दाढ़ी और चोटी की लड़ाई नहीं है, रोजी और रोटी की है और वे हरे परचम के नीचे नहीं गए, मुसलिम लीग की सीढ़ी पर चढ़ कर उन्होंने मुसलिम लीग को और जन संघ को झुकाया। (व्यवधान)।

मैं बेकारी की हालत में चुनाव लड़ा 1957 में। मुझ जैसी नाचीज को कोई जानता नहीं था। कानपुर के हिन्दू, मुसलमान, सिख ईसाइयों ने इस जर्रे को आफ्ताब बनाया। चौथी मर्तबा मैं जीता हूं। आफिशल मशीनरी का इस्तेमाल न हो यह ठीक बात है और हम नहीं चाहते हैं कि उसका मिसयूज हो। लेकिन पी० के० देव साहब ने कहा है कि जब उनके जीतने की बारी आई, उनके वोटों की गिनती शुरू हुई तो बत्ती गुल हो गई इसको मैं नहीं मानता हूं, यह लचर दलील है। यह तो वैसा ही मजाक है जैसा बलराज मधोक साहब का इनविजिबल इंक का था। वाजपेयी जी जब जीते तो इनविजिबल इंक विजिबल हो गई लेकिन उनके केस में इनविजिबल रह गई।

रिगिंग होती है, इसको मैं मानता हूं। बी० के० डी० के चरण सिंह साहब लाठी के जोर से इस चुनाव में उतरे थे, लाठी के जोर से गरीब हरिजनों आदि को उन्होंने वोट नहीं देने दिया। वैस्टर्न यू० पी० में आप जाएं गरीब हरिजन कहते हैं कि उन्होंने जब कहा कि हमें वोट देना है तो उनको कहा गया कि बस चौधरी तुम्हारे दरवाजे तक आ गया। तुम्हारा वोट हो गया। ये जो तरीके हैं क्या इनका कंडमनेशन नहीं होगा ?

यह भी कहा गया है कि रिजैक्ट बहुत इनके वोट हुए हैं। पच्चीस परसेंट हुए होंगे। लेकिन अगर वोट बक्सों में डाले ही नहीं तो निकलेंगे क्या ? (व्यवधान) 1957 का चुनाव मैं कांग्रेस के खिलाफ जीता। पांचों असेम्बली की सीटें कांग्रेस वालों ने जीतीं। जेल में होते हुए मुझे लोगों ने जिताया। लोग आज काफी जागरूक हैं, सचेत हैं। यह ठीक है कि प्रधान मंत्री हैलीकाप्टर में फाउंडेशन स्टोन ले कर घूमीं। उत्तर प्रदेश में दहशत फैल गई थी कि कहीं किसी के सिर पर कहीं कोई पत्थर न आ गिरे और उसका सिर फूट न जाये। यह अच्छा है कि पता ही नहीं चलता था कि वह कहां जाती हैं, कहां रहती हैं।

जहां तक वोट के अधिकार का सवाल है 18 साल के नौजवानों को वोट का अधिकार मिलना चाहिए। कंशस्टीटयूशनल

मीज को छोड़ कर अपने हाथ में दूसरी चीज जो लेना चाहते हैं उसको वे तब नहीं लगें ।

वांचू कमेटी की सिफारिशों के अनुसार मैं चाहता हूं कि चुनाव लड़ने के साधन सब को मिलने चाहिएं । ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी के पास जीप भी हो तमाम चीजें हों, ट्रक भी हो, ट्रेलर भी हो और दूसरे आदमी के पास कुछ भी नहीं और वह साइकल रिक्शा में घूमता रहे और जहां तक उसको पहुंचना हो वहां तक वह पहुंच भी न सके । अटल जी ने इलैक्शन एक्सपेंसिस घटाने की जो बात कहीं है वह जरूर होना चाहिए । कुछ सुझाव भी उन्होंने दिये हैं । उन पर भी विचार होना चाहिए ।

फिरकापरस्ती के आधार पर जो चुनाव जीतना चाहते हैं उन पर आज नहीं तो कल आपको बंदिश लगानी पड़ेगी । फिरका-परस्ती कमी भी मुल्क की इक्तसादी हालत को अच्छा नहीं करेगी । मुल्क की एकता के लिए यह खतरनाक है । तहजीब और पमद्दुन कायम रहे हमें एतराज नहीं है । लेकिन यह नहीं हो सकता है कि हिन्दू और मुसलमान मजहब के आधार पर अपनी अपनी जमातें मुनज्जम करें । मैं वाजपेयी जी से आशा करता हूं कि वह घोषणा करेंगे कि जातपात के नाम से जो वोट मांगे उसका वह विरोध करेंगे उसको नहीं होने देंगे ।

यह ठीक है कि उम्मीदवारों की तरफ से पैसा खर्च होता है । लेकिन अब लोग काफी सयाने हो गये हैं । मैंने अपनी आंखों से देखा है कि निशा की कालिमा में वोट खरीदे जाते हैं और उषा की लालिमा में वोट डाले जाते हैं । चुनावों में इतना पैसा खर्च करने का फल यह हुआ है कि कुछ लोग मनाते हैं कि हर साल इलैक्शन हो---कोई कंबल देगा कोई पैसा देगा ।

मेरे मुअजिज दोस्त श्री इब्राहीम सेट भी बैठे हुये हैं और मेरे नौजवान साथी श्री अटल बिहारी वाजपेयी भी बैठे हैं । मैं उन को बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के चुनावों में सिद्धात की लड़ाई ज्यादा हुई और पैसे की लड़ाई कम हुई । कानपुर गणेशशंकर विद्यार्थी का शहर है जिन्होंने हिन्दु-मुस्लिम एकता के लिए शहादत पाई थी । कानपुर मौलाना हसरत मोहानी का भी शहर है । हम लोगों ने साबित किया है कि यह शहर गणेश शंकर विद्यार्थी और मौलाना हसरत मोहानी का शहर था, है और हमेशा रहेगा---वह न नाथूर म गोडसे का और न मुस्लिम लीग का शहर बनेगा ।

श्री नवल किशोर शर्मा (दौसा) : सभापति महोदय श्री वाजपेयी द्वारा प्रस्तुत संकल्प का मैं आंशिक रूप में समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ------(व्यवधान) क्योंकि मुझ में अपनी अक्ल ह किराये की नहीं । इस संकल्प में जो भावनायें व्यक्त की गई हैं मैं उनका स्व गत करता हूं । इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है कि हमारे देश में चुनाव बहुत महंगे होते जा रहे हैं । भले ही विरोधी दल के लोग सत्ता-पक्ष पर यह आरोप लगायें कि वह बड़े सेठों बिड़ला और टाट से ब्लैक मनी ले लेता है और उस के कारण उस की अनगिनत जीतें होती हैं और इस तरह चुनावों में पैसे का दुरुपयोग होता है, लेकिन तथ्य अगर कोई है---और तथ्य को हमने उत्तर प्रदेश के चुनावों में हाल ही में देखा है और हमने स्वयं अपने चुनाव भी लड़े हैं ---तो वह यह है कि जितना खर्चा रूलिंग पार्टी करती है, जितनी जीपें रूलिंग पार्टी के पास होती हैं उस से अगर ज्यादा नहीं तो ड्योढ़ी जरूर विरोधी दलों के पास होती हैं । मुझे इस बात का पता है भले ही माननीय सदस्य इस से इन्कार करें । (व्यवधान) अगर इस प्रस्ताव का मंशा यह है कि एक दूसरे पर कीचड़ उछालें तो इस को लाने का कोई मतलब नहीं है । लेकिन अगर इस प्रस्ताव के लाने का उद्देश्य यह है कि हमारे चुनाव की व्यवस्था वाकई उपयुक्त हो, देश की परिस्थिति के लायक हो और उससे प्रजातन्त्र मजबूत हो

[श्री नवल किशोर शर्मा]

तो हमें तथ्यों को मानने में हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए ।

में स्वीकार करता हूं कि रूलिंग पार्टी के उम्मीदवारों ने भी निर्धारित सीमा से ज्यादा रुपया खर्च किया है । इस से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि इस सदन में शायद ही कोई ऐसा मेम्बर होगा जो निर्धारित सीमा के अधार पर रुपया खर्च करके इस सदन में आया हो । लेकिन प्रश्न यह है कि खर्चे की कमी कैसे हो । में समझता हू कि यह कमी किये बिना चुनाव में एक अच्छे और भले आदमी का आना सम्भव नहीं है । और अगर कोई आ भी जाता है तो कई दफा उस को उल्टे–सीधे काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है । मैं मानता हू कि चुनाव का खर्चा कम करने की व्यवस्था होनी चाहिए. और इस सम्बन्ध में वांचू कमीशन ने जो सिफारिश की है मैं उस का स्वागत करता हूं । चुनाव का खर्चा कम करने के लिए कुछ न कुछ अवश्य किया जाना चाहिए । यदि रेकनाइज्ड पोलीटिकल पार्टीज को चुनाव के खर्च के लिए कोई धनराशि दी जाये तो शायद वह एक सुन्दर उपाय हो सकेगा और सरकार को चुनाव को धन की बीमारी से दूर हटाने के लिए इस बारे में उचित कदम उठाने से पीछे नहीं हटना चाहिए ।

इस बारे में दो रायें नहीं हो सकतीं हैं कि चुनाव फेयर होना चाहिए, उस में हर आदमी को वोट देने का अधिकार होना चाहिए और उस में सरकारी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए यह बात बड़ी आसानी से कही जा सकती है कि रूलिंग पार्टी के लोग चूकि सरकार में बैठे हुये हैं, इस लिए सरकारी मशीनरी का उपयोग उन के हित में होता है । लेकिन यह कहना बहुत सही नहीं है । अभी मुस्लिम लीग के मित्र मुरावाद के बारे में जिक्र कर रहे थे । वहां जो कुछ भी हुआ हो, लेकिन वहां से कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं जीता :

चुनाव की निष्पक्षता के लिए यह जरूरी है कि भले ही किसी दल की सरकार हो, सरकारी मशीनरी निष्पक्ष हो । लेकिन मैं मानता हूं कि अधिकांशत सरकारी मशीनरी निष्पक्ष होती है—उसमें कमजोरी हो सकती है, चुनाव की व्यवस्था करने में घबराहट हो सकती है और उसकी जजमेंट में गलती हो सकती है—, लेकिन यदा–कदा कुछ इन्स्टान्सिज देखने को मिलते हैं, जिन में सरकारी मशीनरी के लोग इस या उस कैंडीडेट के पक्ष में काम करते हुये, या अनियमितता करते हुये देखे गये हैं । मैं समझता हूं कि उन केसिज में सरकार को सख्ती से काम लेना चाहिए और ऐडिनरी प्रोसीजर्ज को लागू कर के उन लोगों के खिलाफ एक्सपीडीशसली कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि चुनाव मे किसी भी कैंडीडेट के पक्ष या विपक्ष में किसी भी तरह से सरकारी दखल न हो ।

आज चुनाव में सब से भयंकर बात यह हो रही है कि लोगों को वोटन हीं देने दिया जाता है, जिसे रिगिंग आफ पोज कह सकते हैं, जिस की चर्चा श्री समर गुह कर रहे थे । मैं नहीं जानता कि उन की वह बात कहां तक सही है : मैंने हाल ही में उत्तर प्रदेश के चुनावों में–और अपने निर्वाचन –क्षेत्र में भी—देखा है कि कुछ गांवों में कुछ जातियों का बाहुल्य होता है, और यदि उन में से किसी जाति–विशेष का कोई उम्मीदवार होता है, चाहे वह विरोधी पक्ष का हो और चाहे शासक दल का हो, तो बहुसंख्या जातियों के लोग वहां के अल्पसंख्याक लोगों को, खास तौर से हरिजनों को, वोट नहीं डालने देते हैं ! अभी एक मित्र ने कहा कि ये लोग उड़ीसा में हार गये, तो आज इल्जाम लगा रहें हैं : मैं उस दृष्टि से नहीं कह रहा हूँ । में फफोले फोड़ने की

बात नहीं कर रहा हूँ। मेरे सामने वह सवाल ही नहीं है।

मेरा विश्वास है कि इस देश में इन चुनावों से जनतन्त्र मजबूत हुआ है, भले ही माननीय सदस्य कहे कि हम उत्तर प्रदेश में 30 प्रतिशत मतों के आधार पर सरकार बना रहे हैं, या हम उड़ीसा में अल्पमत के आधार पर सरकार बना रहे हैं। माननीय सदस्यों को यह मानना पड़ेगा कि हमारे देश का मतदाता निश्चित रूप से बहुत जागरूक मतदाता है, प्रजातन्त्र के प्रति उस की आस्था बहुत गहरी हो गई है, और इस का प्रमाण यह है कि उत्तर प्रदेश में मतदाताओं ने कांग्रेश को जिताया। उन के सामने आर्थिक कठिनाइयां थीं और रोजमर्रा की आवश्यक चीजें उनको नहीं मिलती थीं, लेकिन उन की समझ में आया कि उन को एक स्थायी सरकार चाहिए, उन को ऐसी सरकार चाहिए, जो उन की रक्षा कर सके, जो देश को प्रगति के रास्ते पर आगे ले जा सके। उन्होंने देखा कि विरोधी दल इस लायाक नहीं हैं और इस लिए उन्होंने कांग्रेस को जिताया। यही उड़ीसा में हुआ, जहां के बारे में सब लोग यह समझते थे कि कांग्रेस कभी जीतने वाली नहीं है, जहां कांग्रेस को रिटन आफ समझा जाता था—वहां भी कांग्रेश जीती, क्योंकि जनता ने समझ लिया कि विरोधी इस लायक नहीं है कि वे सरकार बना सकें :

इस लिए विरोधी दल के माननीय सदस्य अपनी गलतियों को हमारे सिर न मढ़े गलती उन की है। वे संगठित नहीं हो पाते हैं और जनता के विश्वास के लायक नहीं बनते हैं। वे कहते हैं कि रिगिंग आफ पोल्ज हुआ रिगिंग आफ पोल्ज नहीं होना चाहिए। मेरी जानकारी है कि बहुसँख्याक जातियों के लोग अल्पसँख्यक लोगों को वोट नहीं डालने देते। यह प्रवृत्ति बहुत खतरनाक है। इसलिए इसके बारे में गम्भीर तरीके से सोचा जाना चाहिए। वोटर को वोट देने के अधिकार की स्वच्छन्दता होनी चाहिए और उसको वोट देने के बाद किसी तरह का हैरसमेंट बहुसँख्यक लोगों के द्वारा न हो। इस की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। मुझे मालूम है कि मथुरा जिले में अभी यू पी० में क्या हुआ? वहां का नग्न दृश्य था—वहां के बहुसँख्यक लोगों ने, एक दल के लोगों ने, एक जाति विशेष के लोगों ने, दूसरे लोगों को वोट नहीं देने दिया। एक माइनो रिटी के कन्डीडेट थे, शादाबद में उन के चुनावक्षेत्र में चुनाव के दिन यह हालत थी कि कोई उन का झन्डा ले कर वहश जा नहीं सकता था। जब तक बी० के० डी० का झण्डा न हो, तब तक कोई उस गांव के पोलिंग बूथ में नहीं घुस सकता था। यह हालत वहां रही है। इस लिए में यह महसूस करता हूँ कि चुनाव कानून में बहुत आमूल-भूल परिवर्तन की जरूरत है। यह व्यवस्था किस ढँग की हो, इस बारे में सोच विचार किया जाना चाहिए।

मुझे पता नहीं कि ज्वाइन्ट सिलैक्ट कमेटी क्या राय दी है। लेकिन में यहमानता हूँ कि वोट की स्वच्छन्दता हो और धन का खर्चा कम से कम हो। में एक बात में और सहमत हूँ कि वोटों की काउन्टिंग बूथ व इज हो और इस राय से भी मैं सहमत हूं कि वोटिंग की एज 18 साल की होनी चाहिए। नौजवानों को वोट देने का अधिकार मिले यह कोई गैरवाजिब बात नहीं है। अगर 18 साल का व्यक्ति बालिग माना जा सकता है और उसको सब अधिकार हैं तो यह कहना कि उस को वोट देने का अधिकार नहीं है यह अप नें आपमें उसकी परिपक्वता और उस की समझदारी का मखौल है।

इन्हीं शब्दों के साथ में इस प्रस्ताव का आंशिक समर्थन करता हूँ लेकिन मे अटल बिहारी जी से निवेदन करत हूँ कि इस प्रस्ताव पर जो चर्चा हुई है मँत्री महोदय उसे सुन रहें हैं, व उसका समाधान करेगे और अटल बिहारी जी इस प्रस्ताव को वापस ले लेगे।

SHRI SURENDRA MOHANTY (Kendrapara): Mr. Chairman, Sir, the House is beholden to Shri Atal Bihari

[Shri Surendra Mohanty]

Vajpayee, for having highlighted this issue and for having brought up this Resolution before this House. I believe this Resolution relates to the very basis, the very fundamentals and intrinsic purity of the mainstream of our political life, which is being polluted today by the party in power in collusion with some dishonest officials.

Sir, while it is true that the Election Commission, at the Central level, may consist of persons of un-impeachable integrity, the way in which the machinery functions at the State level makes us feel that this free and fair elections has been reduced to a more ritual a farce and even much less than that. The hon. Member who preceded me made, I should say, an uncharitable remark and I do not think it would be in good taste to attribute motives that since we have lost in Orissa, we are talking of rigging. In all humilit I will say that it is true that our appeal for a mandate from the people of Orissa has been rejected. But I ask: has the appeal for a mandate by the Congress Party been granted by the people of Orissa? Has the Congress been returned with a absolute majority in Orissa? No. Therefore, it does not lie in his mouth to say that we have lost in Orissa and, therefore, we are today making charges of rigging to console our own hearts.

What has actually happened? There has already been reference to power failure. I find power failure is the ubiquitous pattern during crucial and critical moments of counting. What happened in the Chief Minister's constituency? While Shrimati Nandini Satpathy was trailing behind 867 votes, suddenly the light went out for a long spell of half an our. What happened in the mean time? The sister of the Chief Minister walked in with a bag, and one does not know what that bag contained because she was surrounded by her supporters. When the light came Shrimati Satpathy was found leading and she ultimately was declared elected by a margin of 2,500 votes. I do not wish to go on multiplying such instances though I can give them.

I care very little about success and failure, because failure and success are both sides of the same coin. Therefore, personally speaking, I care very little for success or failure in such electoral contests. But I am speaking as a man who is wedded to honesty; as an honest man, I am speaking.

Rigging has gone on on a very large scale in Orissa in the last elections, and this rigging has taken place in the following manner. Polling booths, of course, have not been captured by armed hooligans, as has happened in Bengal. It has been manipulated by a handful of dishonest polling officers. The polling officials have motivated unsophisticated voters to mark in a particular area.

The second unfair practice is the counting process. I fully support the proposal that counting of votes should be conducted boothwise. That was the practice earlier but, suddenly one fine morning that practice was discontinued and the Election Commission started the practice of mingling of ballot papers. This mingling of ballot papers has led to all sort of scope for manipulation and so it should be discontinued.

The use of army helicopters by the Prime Minister in the election campaign is a matter to which I take very strong exception. I will take the House into confidence and say that I have written a letter to the Defence Minister, pointing out how the Indian army helicopters were beig used ot only the Prime Minister herself but also by the party functionaries in the State of Orissa in the election campaign. I regret to say that the Defence Minister, being a responsible man, being an honourable man, had not shown me the courtesy of replying to my letter. If the army helicopters are used, if Government vehicles are used by the ruling party then we stand no chance in the election campaign. Thus, people

have come to lose all faith, in parliamentary democracy. So I have been advocating that it is high time that padlocks are hung at the gates of Parliament House and the State Legislatures because Parliament and the State Legislatures have been reduced to mere facades. They have no relevance in the life of our people today. So, the Gujarat type of thing has to come in greater abundance, in greater measure to meet his kind of Mechiavellianism which is being practised today in the polling booths in the name of free and fair elections for the preservation of democracy. This type of parliamentary democracy will never be able to solve any of the problems of our life. Rather, it is going no pervert and pollute the mainstream of our national life, from which we draw sustenance.

In conclusion, I support the Resolution of Mr. Vajpayee barring part (i) which says that the recognised political parties be given election grants as recommended by the Vanchoo Committee. I do not want good money to be spent for bad causes.

SHRI C. M. STEPHEN (Muvattupuzha): Mr. Chairman, Sir, I am sorry I am not able to support the Resolution now being discussed in the House.

There are two parts in this Resolution. One is an assumption that the elections practised in India are not free and fair. Another is an assertion that if the remedial measures as indicated in the Resolution are taken, the elections will become free and fair. I submit both the contentions, according to me, are wrong.

What exactly do you mean by the phrase "free and fair election"? Freedom for whom? Fairness for whom? Freedom for the candidate, fairness for the candidate, or, freedom for the voter, fairness for the voter. My submission is that the essence of an election is, freedom and fairness for the voter. It may be that the two candidates cannot be on the same plane of campaigning for so many reasons. The reasons are manifold. Whatever be the concotions, the disparities cannot be rectified. But the essence of the matter is that the voter must have the freedom to vote for the person he chooses. Secrecy is the guarantee.

Now, we have seen constituencies where money has been flowing but the person who pumps out money gets defeated and the other person gets elected. Take the story of India after we became a Republic. It is not a case of the Congress being returned again and again. The Congress has been returned; the Congress has been defeated. Other parties have also been returned. Coming from Kerala I have seen the Congress coming to power, the Communist Party coming to power and, in the next elections, that party being defeated and another party coming to power. This is the picture you can find in so many States Tamil Nadu, Orissa, West Bengal and so many other State. It is not a case of the ruling party alone being returned to power.

As a Congressman, I am sorry that in certain bye-elections we were defeated. In certain constituencies of Maharashtra, we have lost. But in another sense, I am happy because it has vindicated another position, namely it has proved that the democracy in this country is dynamic and real. The voter has the freedom to choose his candidates and to demonstrate that he is not satisfied with certain measures which the Congress is pursuing. The test of the pudding is in the eating. Nobody with a sense of honesty can say that the elections in this country are not free or that the voter does not have the freedom.

Then, there is sub-clause (iv) which says that the counting of votes be conducted boothwise. Why should it be? Why is it that the boothwise counting has been discontinued? It is in order to ensure that the weaker sections of the people who choose to vote in a particular booth may not have to vote

[Shri C. M. Stephen;

with an apprehension that if the counting reveals that a person has not voted the way the powerful man wants him to vote, there will be any repraisal on him. That is the guarantee for the freedom of the vote for an individual. Mr. Vajpayee wants this to be revived so that in a booth which is dominated either by a capitalist or by a higher caste man, who just purchases or just wants the votes of the lower class people, they will have the freedom to do the mal-practice hereafter. The weaker classes may be denied the freedom to vote. To analyse the Resolution, it is going against the freedom of voting. That is one thing.

As I do not have much time at my disposal, I do not want to go into other aspects.

There is one point which I want to emphasize. Here it is suggested.

"recognised political parties be given election grants as recommended by the Wanchoo Committee."

I really do not understand how this can solve the problem. Here is a law which says that you shall spend only so much money. But all of us come here and start our Parliamentary career with a false affidavit that we have spent only so much. Every one knows that we have spent much more than that. Now what will happen? This measure will not forbid me from raising other funds and spending it. But this will make the Government also a donator to my election fund. That is all. There is no guarantee that other funds will not come. Added to that. I will get some government money also. That is not at all the solution to the problem. Let us not out the emphasis on the money aspect of it because in a mass election money will be spent, not necessarily by the candidates themselves. Peasants will be collecting money comunittees will be collecting money, and it will be spent. No candidate can give a guarantee that money will not be spent beyond a particular measure. The source of the money is irrelevant. Money will be spent irrespective of the candidate, independent of the candidate. Without consulting the candidate, money will be raised from umpteen sources and money will be spent because a campaign has to go on. Any restriction on the campaign will not serve the purpose, because the voters are entitled to be told what exactly is the election for. Freedom of election is hampered in another manner. If you go and appeal to them in the name of religion, if you go and appeal to them through the priest and mullah, if you bring in issues which are irrelevant, then the freedom of the voters is psychologically and emotionally trample. It is there the freedom is curtailed. It is there that certain friends who have been speaking are really guilty. In spite of money, the voter has the freedom and he exercises his freedom. But he will not be able to exercise his freedom with relevant considerations if irrelevant motivations are brought into the picture. In our democracy the problem is not of money, but the problem is injection of irrelevant considerations and there I would hold the Muslim League a guilty party.

With these observations I oppose this Resolution. of

श्री अमरनाथ विद्यालंकार (चँडीगढ़)। सभापति जी, में इस प्रस्ताव का विरोध करता हूँ। विरोध का कारण यह है कि इस प्रस्ताव को इस प्रकार से ड्राफ्ट किया गया है जिसमें तमाम चीजे मिश्रित हो गई हैं। में श्री वाजपेयी जी की बड़ी इज्जत करता हूँ लेकिन जिस पार्टी के वे नेता हैं, वह पार्टी पहले तो कभी गाय के नाम पर, कभी हिन्दू धर्म के नाम पर वोटरों से वोट मांगती रही और इस दफ़ा यू० पी० के इलेक्शन में उन्होंने मुस्लिम लीग के साथ गठबन्धन किया, मुस्लिम लीग को काफी पैसा दिया। ये सब चीजें करने के बाद भी वे जब इस प्रकार का प्रस्ताव रखते हैं तो मुझे इस सन्दर्भ में कहावत याद आ रही है "सौ सौ चूहे खा के बिल्ली हज करने चली"..

(व्यवधान)..इन्होंने यहां पर कहा कि इलक्शनों

में गड़बड़ हुई है, यह हुआ है, वह हुआ है लेकिन मुझे एक कहावत याद आती है—नाच न आवे, आंगन टेढ़ा। चुनाव में हार गए तो 100 बहाने लगाते हैं...(व्यवधान)..इन लोगों ने ही नहीं बल्कि दूसरे कुछ विरोधी दलों ने भी धर्म और जातिवाद के नाम पर इलक्शन लड़ा है, उसके बाद यहां आकर आदर्श की बाते करते हैं यह चीज चलने वाली नहीं है। आप कोई भी कानून बना दीजिए यदि वर्तमान कानून धर्म और जातिवाद के इस्तेमाल को रोक नहीं सकता, तो नया कानून क्या रोकेगा ? इसके लिए कुछ सिद्धान्तों पर अमल करना पड़ता है, कुछ परम्परायें होती हैं उन पर चलना पड़ता है। आज आवश्यकता इस बात की है यदि हम सचमुच जनतन्त्र में विश्वास करते हैं तो तमाम पार्टियों में परस्पर अण्डरस्टेंडिंग होनी चाहिए, हमें उन के लिए परम्परायें कायम करनी चाहिएं। लोकतन्त्र परम्पराओं से चलता है। आप देखते हैं कि खेल होता है उसमें तमाम पार्टियों के खिलाड़ियों में एक अण्डरस्टेन्डिग होती है कि इन नियमों का पालन करेंगे। और जब नियमों का पालन नहीं करते हैं तो खेल बन्द हो जाता है। इसी प्रकार से राजनीति भी एक खेल है जिस के अन्दर तमाम दलों को इकट्ठे हो कर कन्वेंशन कायम करना चाहिए और उसमें जो निश्चय करे कि इस प्रकार व्यवहार होगा। तब हमारा राजनीति का खेल चलेगा, इन बातों पर सभी सहमत हों। उस नीति से आप चलें और ईमानदारी से उन परम्पराओं को स्थापित करें तब तो यह बात चलेगी, अन्यथा नहीं।

यह कहा गया कि मिनिस्टर यह करते हैं और वह करते हैं, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हैं। मेरा तजुर्बा यह है कि मिनिस्टर लोग घाटे में रहते हैं, इलेक्शन में उनसे तरह तरह के सवाल लोग करते हैं, इसलिये मिनिस्टरों को ज्यादा दिक्कत आती है और उनके खिलाफ लोग ज्यादा जाते हैं। आप जो समझते हैं कि उनको सरकारी मशीनरी का एडवान्टेज मिलता है, ऐसी बात नहीं है।

में इस बात से सहमत हूँ कि 18 साल के विद्यार्थियों को वोट का अधिकार दिया जाय। बाकी जो उन्होंने लिस्ट सिस्टम की बात कही, उससे सहमत नहीं हूँ क्योंकि यह प्रणाली जर्मनी में अपनायी गई और वह फेल हो गई और हमारे यहां भी नहीं चलेगी। आप ने इसकी चर्चा अपने प्रस्ताव द्वारा की यह अच्छी बात है, पर आप ने जितनी भी बाते कही हैं उनको पूरा करने का एक ही तरीका है कि हम तमाम दल इकट्ठे हों और स्वस्थ परम्पराये कायम करें जिससे तमाम चीजें ठीक हों। म्यूचुअल कन्वेंशन के साथ जो बाते होंगी वह ठीक होंगी।

पिछले चुनाव में जो बाते हुईं, यह कहना कि कांग्रेस की तरफ से हुईं, उचित नहीं है, सही नहीं है। अगर समय होता तो बतलाता कि विरोधी दलों ने क्या क्या किया, मुस्लिम लीग, जनसंघ, स्वतन्त्र पार्टी वाले क्या कुछ करते रहे उस को मैंने खुद इस बार यू० पी० के चुनाव में देखा ; लेकिन में समझता हूँ कि विरोधी दल स्वयं इंट्रोस्पेक्शन कर के देखेंगे कि वह क्या करते रहे. और अगर ईमानदारी से माननीय वाजपेयी जी समझते हैं तो वह अपनी पार्टी के अन्दर इस बात को साफ कहेंगे कि चाहें कुछ भी हो जाय और कोई दल कुछ भी करे हमारा दल ऐसा नहीं करेगा। अगर इस प्रकार दलों के नेता आगे आ जाये ता बहुत चीजे ठीक हो सकती हैं। पहले तमाम विरोधी दल अपने को साफ कर के सामने आये तब रूलिंग पार्टी को कहने का उनको हक हो जाता है। लेकिन जब तक वह खुद गलत काम करते हैं तब तक आदर्श की बातों का कुछ भी अर्थ नहीं है।

मुझे याद है जब 1952 में चुनाव हुआ तो उस समय कांग्रेस के पास रुपया कहां था ? रुपए की परम्परा तो स्वतन्त्र पार्टी ने और विशेष कर जनसंघ ने जारी की है। और आज यही उस परम्परा को रोकने का प्रयोग प्रारम्भ करें तो बहुत अच्छा हो।

[श्री अमरनाथ विद्यालंकार]

इन शब्दों के साथ में इस प्रस्ताव का विरोध करता हूँ।

श्री **मधु लिमये** (बांका) मान्यवर, वैसे माननीय वाजपेयी जी का जो प्रस्ताव है उस में मैं समझता हूं कोई ऐसी बात नहीं है जिसको लेकर सत्ताधारी दल के लोगों को इतना उत्तेजित होना चाहिये था। अगर वह भी लोकतंत्र की गरिमा की रक्षा करना चाहते हैं तो इस में जितने सुझाव दिये गये हैं उन को सरकार को तत्काल कबूल करना चाहिये। असल में दिक्कत आज यह हो गई है कि जनता का, मतदाताओं का, विधायकों पर नियंत्रण समाप्त हो गया है। विधायकों का मंत्रिमण्डल पर नियंत्रण समाप्त हो गया है और मंत्रिमण्डल का नियंत्रण मुख्य मंत्रियों और प्रधान मंत्री पर समाप्त हो गया है, और यह भी कहा जा सकता है कि राजनीतिज्ञों का नियंत्रण नौकरशाही पर खत्म हो गया है। तो यह आज लोकतंत्र की बीमारी है, इसको दूर करने लिए बहुत बड़ा परिवर्तन लाना पड़ेगा। उस के लिए जरूरी है कि चुनाव निष्पक्ष हों और मतदाताओं की जो असली इच्छा है उसका प्रतिबिम्ब विधायिकाओं में पड़े।

आज मैं भाषण सुन रहा था और विरोधियों की हार पर तथा कांग्रेसियों की जीत पर कुछ सदस्य डींग हांक रहे थे। लेकिन अगर लोकतंत्र का यह मतलब है कि लोगों की इच्छा का आदर हो तो इस पद्धति के बारे में आप को क्या कहना है कि 32 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के बाद भी आप विधायिकाओं में इतनी बड़ी संख्या में बैठते हैं, यहां भी बैठते हैं, और उत्तर प्रदेश में भी बैठते हैं।? तो अगर आप चाहते हैं कि जनता की इच्छा और आकांक्षा विधान मंडलों के जरीए अभिव्यक्त हो और सरकार भी उनकी अभिव्यक्ति करे तो किसी न किसी रूप में आपको प्रोपोर्शनल रिप्रजेन्टेशन की प्रणाली को अपनाना पड़ेगा।

इन्होंने लिस्ट सिस्टम की बात कही, वह कहां तक उचित होगा मेरी समझ में नहीं आता है क्योंकि उस में पार्टियों की जो नौकरशाही होती है उस का भी मामला आयेगा। फिर पार्टियों का लोकतांत्रीकरण करना पड़ेगा और वह मामला और भी पेचीदा होगा। सबसे पहले कांग्रेस पार्टी की बात ले लीजिए उसके लोकतांत्रीकरण की कितनी गुंजाइश है, आप जानते हैं। तो इस सवाल को मैं छोड़ता हूं। मैं मंत्री महोदय से एक ही प्रश्न पूछना चाहता हूं कि अगर यह प्रोपोर्शनल रिप्रजेन्टेशन को तत्काल मानने के लिए तैयार नहीं हैं तो क्या अगले चुनाव में मतदाताओं को अपना दूसरा प्रीफ्रेन्स व्यक्त करने की वह छूट देंगे? एक वोट वह दें जिस को सबसे ज्यादा पसन्द करते हैं और जिस तरह से अन्य चुनावों में होता है उन को सेकेन्ड प्रीफरेन्स वोट भी दिया जाय। क्योंकि फ्रांस में जैसे दूसरा मतदान होता है, रन आफ इलेक्शन होता है उस में खर्चा बहुत होगा और उतना खर्चा हमारा देश नहीं कर पाएगा, तो आप सेकेन्ड प्रीफरेन्स के बारे में सोचें ताकि अगर अपनी पसन्द का उम्मीदवार नहीं जीत सकता है तो कम से कम जो कम नापसन्द है उस के लिए तो लोग अपनी राय दे दें। फिर देखा जाय कि कांग्रेस पार्टी के हाथ में कितने दिन तक सत्ता रहती है। तो सारा रंग ही बदल जाएगा। इस पर मंत्री महोदय गौर फरमाएं।

यही मुझे कहना है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY): The Resolution moved by Shri Vajpayee reads as follows:

> "This House expresses concern over the growing influence of moneypower and abuse of official machinery in elections and in order to ensure free and fair elections, directs the Government...."

and then he says—

"(1) recognised political parties be given election grants as recommended by the Wanchoo Committee, (2) equal radio-time for recognised political parties, (3) making Election Commission a multi-member body, (4) reducing voting age to 18 years, (5) implementing the List system, (6) Ministers be prohibited from using official machinery such as aircrafts, helicopters, vehicles and other facilities except on terms of parity with other recognised political parties, and (7) counting of votes be conducted boothwise"

While speaking Vajpayee ji did not say word about the reducing of the voting age and counting boothwise, possibly because some intuition in him made him feel that today after the half-an hour discussion

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE Because the time was short

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY Today there is half-an-hour discussion about the voting age And I will say about this at that stage

His first point was that recognised political parties may be given election grants as recommended by the Wanchoo Committee The Wanchoo Committee in its recommendation said that as in West Germany and Japan the political parties should be given election grants Sir, the analogy of Japan and West Germany, where political parties are financed by Government on the basis of votes polled by them at the preceding election, is inapplicable to Indian conditions These countries are highly affluent as compared to our country They are, both in size and in population very small and their electorate is very limited. And, the number of political parties that contest in West Germany and Japan is also limited. In India, there are 7 recognised national parties, about 19 recognised State parties and about 63 registered but unrecognised political parties Sir, to finance so many political parties out of the revenues of the Union and of the States will be a colossal task

I would also refer to the state of affairs in West Germany about this financing In West Germany the political parties are partly financed by the Government In 1959, the Federal and the State Governments voted overt subvention to various political parties for their political education work, this amounted to 5 million D M In 1962, the sum to be distributed among political parties was raised to 20 million D M

In the year 1966, the federal constitutional court gave some ruling and, as a result, there was an amendment made in the Statute Thereafter, the State s subvention to political parties has grown enormously From a total of 3,48,000 D M in 1950, it has gone up to 3,12,32,000 D M in the year 1965

While speaking, Shri Vajpayee said that the election expense in this country for Lok Sabha was Rs 35 000 and for legislators in the Assemblies, the expense was Rs 12,000 While quoting the figures for the Fourth General Elections, he mentioned the figure of 2,364 candidates as having contested the Lok Sabha seats who, if given Rs 35,000 each the expenses at this rate would come to about Rs 5 crores This is according to his speech

I fear he did not do the mathematical calculation correctly If he does that even now, he will find that at the rate of Rs 35,000 per candidate, it would come to Rs 8,27,40,000—not Rs 5 crores For te Vidhan Sabhas, he said that the expenses for 15,472 candidates at Rs 12,000 per candidate comes to about Rs 10 crores If he calculates it now he will find that it would come to Rs 18,56,64,000 The

[Shri Nitiraj Singh Choudhary]

moment Government begins to finance, as I have said, the number of parties being so many, the number of candidates would go up and therefore, the amount would also get increased. As it happened in Germany from about D.M. 3 lakhs to about D.M. 3 crores, similarly, the same thing might happen here also.

सभापति महोदय : आप कितना समय लेंगे? जितना समय आप लेंगे उतना ही वाजपेयी जी को भी देना पड़ेगा। लिमये जी का प्रस्ताव भी आप के बाद लेना है। 6 बजकर 5 मिनट तक इसको खत्म हो जाना चाहिए। उसके बाद हाफ इन आवर है।

श्री नीतिराज सिंह चौधरी: जितना समय मैं लूं उससे जो मिनट ज्यादा वाजपेयी जी को दें। समय की पाबन्दी आप अब लगा रहे हैं इसको शुरू से लगाया होता तो शायद मुझे और वाजपेयी जी को कठिनाई नहीं होती। अगर आप चाहें तो मैं अभी यह कह दूं कि वाजपेयी जी का जो प्रस्ताव है उसको मानने की स्थिति में हम नहीं हैं। इतना कह कर मैं बैठ जाता हूं और इस में सर्वोच्च माननीय सदस्यों को हो जाता है। लेकिन अगर जो पाइंट उठाए गए हैं उन का जवाब देना है तो कुछ तो समय आप दीजिए।

सभापति महोदय : कुछ तो कहिये

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY: Sir, the House is aware that the Joint Committee which was constituted by both Houses of Parliament for considering the amendment to the Election Laws has made certain recommendations as to how the election expense can be reduced. To implement the recommendation a Bill has already been moved and it is pending in this House.

While speaking in this House Shri Krishnan said that the Joint Committee had recommended that the Election Laws should be amended and that the Government has done nothing at all. Unfortunately he is not here. I want him to know that the Government has already introduced the Bill which is before the House. It is to come up for discussion any time when the time is allotted.

The second point that Shri Vajpayee urged was for equal radio time for recognised political parties. In this connection, I request your permission to give previous history. In the year 1957, the Ministry of Information and Broadcasting tried to evolve some formula, but they did not succeed. In 1962, the Chief Election Commissioner worked out a formula for allotment of time for election broadcasts to six recognised parties. But, this formula as well as the modified one subsequently evolved had to be abondoned because of the lack of agreement among the political parties.

In 1967, the Chief Election Commissioner again proposed a fresh fromula for allotment of time but this too had to be abandoned in the absence of consensus among the political parties.

Prior to the mid-term elections of 1971, the Chief Election Commissioner wrote to All India Radio on 7th October, 1970 suggesting that each of the eight national political parties might be allotted four ten-minute talks on all-India hookup. At the State level, the Commission proposed that each of the national parties and the State parties recognised in a particular State be allotted three broadcasts each of ten minutes' duration through the AIR station in the State. The timings and mechanics of the talks were discussed with the Election Commission on 2nd December, 1970 and as a result the Chief Election Commissionser addressed a detailed letter to the general secretaries of the eight national parties on 7th December, 1970 detailing his proposals regarding the broadcasting facilities to them. The Election Commission gave up the idea of broadcast by the political parties because of lack of agreement amongst them.

Then, the suggestion made was the total broadcasting time of 300 minutes would be divided among the parties in proportion to the sum of the number of seats at present held by each

party in the Lok Sabha and the number of seats therein actually contested by it in the forth-coming general elections.

One hon. Member referred to the system obtaining in Great Britain. I have tried to collect some information and the information that I have obtained is that the arrangements in Great Britain for broadcasting during a general election are settled in consultation with the BBC and independent TV authority and the political parties, and the agreed series of party election broadcasts based on the number of candidates the party is putting up is transmitted on both the sound and the TV service of the BBC and the independent TV The agreed allocation of broadcasts during the general election in Great Britain gave the Conservatives and the Labour Parties five TV broadcasts, two of 15 minutes' duration and three of ten minutes' duration, and seven sound broadcasts, four of ten minutes' duration and three of five minutes duration', while the Liberal Party had three TV broadcasts, one of 15 minutes' duration and two of ten minutes' duration, and 4 sound broadcasts, two of ten minutes' duration and two of five minutes' duration. So, this goes to show that there also the time allotted is in proportion to the number of seats they held and the number of candidates they have put up. This was the suggestion here also. but since there was no agreement it could not be pushed through

The third point made was that there should be a multi-member election commission. It was said that in the Election Commission only Law Secretaries were appointed and so on. It is the fifth Chief Election Commissioner whom we are having now. The first was Mr. Sukumar Sen. Everybody in this House and in this country would agree that the way he organised the first general elections of this country was appreciated throughout the length and breadth not only in this country but outside also. As a result of which he was called by other countries for organising their elections. The same thing happened when Mr Sundaram came, and he was also called by other countries to organise their elections. The fourth Chief Election Commissioner that we had, is now a judge of the International Court So, to say that the persons who were appointed as Chief Election Commissioners were not proper persons, is, I submit, most improper, and that should not have been said. This has been said by some—not you Mr. Vajpayee

Then on this point it is asked: why has Government not acted up to the recommendations of the Joint Committee. The Committee recommended that Regional Election Commissioners might also be appointed. It did not say that they should be appointed. It was recommendatory and it was for consideration. We considered the matter and felt that if there is a multi-member Election Commission, they will have to be located in various regions and when asked by the Governors and others to give advice, there may be a conflict in their advice and therefore, a very difficult situation would arise when two Election Commissioners give two conflicting opinions

Therefore, when all the work has been conducted by one Chief Election Commissioner, the Government do not feel any necessity of having more than one Election Commissioner. Moreover, if the recommendation of the Joint Committee is perused, it will be seen that the reasons are not given. It is only an abstract suggestion It is not stated how the functioning of the Chief Election Commission with the Chief Election Commissioner and a number of other Election Commissioners would be more advantageous. As I have already said, instead of being advantageous, it would be of great disadvantage and many difficulties will arise.

The next thing is about the voting age to which I have already given reply.

Then about the list system. Before I reply to this point I would like,

[Shri Nitiraj Singh Choudhary]

with your permission, to quote what a German author, Dr. Finer has said in his book.*The Theory and Practice of Modern Government.* He observes:

> "The human tendency may be either promoted or counteracted by an institution and the separatist mentality is promoted by the automatic list system and counteracted by the single member majority system".

The list system is followed only in three or four countries which are small in size, where the electorate is very limited, and where every elector is educated. Here suppose we adopt the list system. If there are 16 candidates of one party and 14 of another making a total of 30 and if there is some error, some nominations are found not valid. What about the voters who are illiterate, who just come and put seal on a symbol to put mark for 10 candidates of one and 4 of the other parties? What is to be done then?

Taking into consideration all these difficulties, it would not be possible for Government, at least in the present state of affairs, to accept that system.

While speaking on this, certain friends observed that the Government does not represent the majority view. They said that under this system, one who gets the majority of votes is elected. This is true, but I thought that those who objected to the present system on this ground would set some example before us. But it appears preaching is one thing, practice another.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: What example?

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY: I will give instances. Some members who spoke got just one third of the votes. So according to their own argument, when they have got elected on a minority of votes, why should they not say: 'I have got a minority of votes. So I get out?

श्री मधु लिमये : यह बेमतलब बात है । यहां चुनाव-पद्धति को बदलने की बात चल रही है ।

श्री नीतिराज सिंह चौधरी : मैंने उस का उत्तर दे दिया है ।

श्री मधु लिमये : यह कोई जवाब नहीं है । अगर चुनाव-पद्धति बदलेगी, तो वे छट ही जायेंगे ।

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY: The next point is about abuse of official machinery. In this connection, I would refer to sections 7-11, 123-126, 76-78 and 1000(1)(b) of the Representation of the People Act wherein all these things are prohibited except where permitted by law or by certain other reasons. The Committee while considering this said that this is a matter which should be decided by convention rather than by amendment of law. The political partiees should evolve a code of conduct to be followed by members of the government. There was nothing for the Government to do. No law is to be enacted. It is for the political parties to decide.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: What about the Ruling party?

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY: I am not excluding any party; I am not excluding yourself or myself. It was said that the Defence aircrafts and helicopters were being used. Helicopters appeared in elections quite a few years ago and I would not name any one. Shri Bibhuti Mishra named one gentleman.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: They were not Government helicopters.

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY: I was saying that helicopters appeared. The other person was from the

State from which I and Shri Vajpayee come. The use of the VIP flights of the IAF by the Prime Minister is regulated by standing instructions issued by the Ministry of Defence which also provided for payment being made for credit to the Government account when the aircraft is used for non-official purposes. This facility is available to the Prime Minister as an incumbent of the office and not as the leader of the Ruling party.... (*Interruptions*). This matter was also taken up before the High Court of Delhi and then at the Supreme Court. The Supreme Court in one other decision says:

> "The position of a Minister is difficult. It is obvious that he cannot cease to function when his election is due He must of necessity attend to the grievances: otherwise he must fail. He must improve the image of his administration before the public. If every one of his official acts done *bona fide* is to be construed against him and ulterior motive is spelt out of them, the administration must necessarily come to a standstill."

So, to say that the Government machinery is used is absolutely wrong. If any reference is made to U P, I would inform the hon. Member that those of us, who went there, did not use any Government machinery. I was there. I hired a private vehicle and used it. If instances are pointed out instead of making vague allegations something could be said about them.

About the counting of votes, the Joint Committee has gone into the matter in great detail and they have given reasons. I do not think that the recommendations of the Joint Committee should be reversed.

There are four amendments. Two of the amendments are by Shri Ramavatar Shastri. He wants regionalism, communalism, casteism and other disruptive activities to be debarred. It is being done. I would request him to refer to sections 153A and 153B of I.P.C. Now Section 153B is also being incorporated in the Representation of the people (Amendment) Bill, pending before the House. Shri Bibhuti Mishra has also moved an amendment, the first part of which says that an impartial commission should be appointed to suggest the population for Lok Sabha and Vidhan Sabha constituencies it is the Delimitation Commission which does the delimitation work and it is already doing that.

Shri Dagaji has moved an amendment which was also in line with the amendments of Shri Ramavatar Shastri and my remarks, therefore, apply to that also. With these words I request the hon. Member to withdraw the Resolution.

SHRI SURENDRA MOHANTY: With your permission, I want to ask him a question.

MR CHAIRMAN: There is no question of asking him a question. The mover is Shri Vajpayee.

SHRI SURENDRA MOHANTY: Why this unkindest cut?

MR. CHAIRMAN: If I allow you I will have to allow others and there will be no end to it. There is no necessity.

We should have taken up half-an-hour discussion at 6 P.M. But, I think, Mr. Vajpayee will take at least 20 minutes for his reply. Is it the pleasure of the House that time should be extended for this and we take half an-hour discussion after he concludes and we dispose of this Bill?

HON MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: Shri Atal Bihari Vajpayee.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : सभापति जी, मुझे मंत्री महोदय का उत्तर सुन कर थोड़ा आश्चर्य हुआ है। संयुक्त प्रवर समिति की जो सिफ़ारिशें उन के लिये सुविधाजनक थी उनका हवाला दे कर उन्होंने इस प्रस्ताव के कुछ मुद्दों को रद्द कर दिया, लेकिन जो सिफारिशें उन्हें पसन्द नहीं हैं उनको उन्होंने अस्वीकृत कर दिया। संयुक्त प्रवर समिति ने यह सिफारिश की थी कि लिस्ट सिस्टम की सम्भावना के बारे में विचार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनेगी। वह समिति अभी तक नहीं बनाई गई। उस का निर्माण सरकार को करना है वहां मंत्री महोदय आ कर सूची पद्धति देश के लिए उपयोगी नहीं है, इस तरह का मत व्यक्त करते हैं। क्या इसका अर्थ यह है कि जिस संयुक्त प्रवर समिति में स्वयं महोदय उपस्थित थे और सत्तारूढ दल का बहुमत था और जिस समिति ने यह सिफारिश की लिस्टसिस्टम के बारे में, एक समिति बनाने की उस के बारे में सरकार ने अपना दिमाग बना लिया और संयुक्त प्रवर समिति की सिफारिशों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया।

दूसरी बात है रेडियो के बारे में—मंत्री महोदय ने कहा कि इस बारे में राजनीतिक दलों से समझौता नहीं हो सका। मैं जानना चाहता हूं कि इस समझौते में कौन बाधक बना? क्या यह सत्य नहीं है कि सत्तारूढ दल ने इलैक्शन कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत सुझाव को रद्द कर दिया, व्हीटो का उपयोग किया? कांग्रेस पार्टी ने कहा कि हम ऐसे किसी भी फार्मूले से सहमत नहीं हैं जिस में अन्य दलों को हमारे बराबर रेडियो पर टाइम दिया जाय। इस बार सुझाव कमीशन का यह काम था कि राजनीतिक दलों को इस बारे में विचार विनिमय के लिये बुलाता, मगर चुनाव कमीशन ने कोई पहल नहीं की। चुनाव के पहले राजनीतिक दलों से सलाह नहीं ली। सत्तारूढ दल रेडियो का उपयोग अपने लिये करता रहा।

तीसरी बात—वांचू कमेटी की सिफारिश को यह कह कर रद्द कर दिया कि पैसा बहुत खर्च होगा....

योजना मंत्री (श्री डी० पी० धर) : आप तो अपना रेडियो चलाने वाले थे—उस का क्या हुआ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उस की तैयारी जारी है। अगर आप रेडियो पर सब को बराबर समय नहीं देंगे तो हमारा अपना रेडियो मैदान में आयेगा।

श्री एस० एम० बनर्जी : लेकिन आज कल तो लोग भाषण से ऊब गये हैं। जहां भाषण शुरू होता है, रेडियो बन्द कर देते हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम लता मंगेशकर का गाना भी सुनायेंगे।

सभापति महोदय : लास्ट-टाइम तो उन्होंने ऐसा कहा था कि हम बी०बी०सी० शुरू कर रहे हैं—वाजपेयी ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैंने नहीं कहा, आप ने कहा था।

सभापति जी, क्या राजनीतिक दलों को सरकारी कोष से धन देने का सुझाव जो वांचू कमेटी ने दिया है, क्या केवल इस लिये रद्द कर दिया जायेगा कि अधिक धन देना पड़ेगा। क्या लोकतन्त्र एक सस्ती प्रक्रिया है? क्या लोक तन्त्र को शुद्ध और स्वस्थ रखने के लिये हम कुछ धन खर्च करने में आनाकानी करेंगे? अगर मंत्री महोदय के आंकड़े भी मान लिये जांय, मैंने जो आंकड़े दिये थे, वे उन उम्मीदवारों के बारे में थे जो अपनी जमानतें बचाने में समर्थ होंगे, लेकिन अगर उन्हीं के आंकड़े मान लें तो 6 करोड़ लोक सभा के लिये और 10 करोड़ विधान सभा के लिये खर्च होंगे। यह कोई बड़ी धनराशि नहीं है। अभी भी हम चुनाव में 22 करोड़ से अधिक पैसा खर्च कर रहे हैं, लोक सभा और विधान सभा के चुनावों

को मिला कर। अगर पूंजीपतियों के चंगुल से राजनीति को बचाना है और चुनाव शुद्ध करने हैं तो 18 करोड़ रुपये का खर्चा कोई बड़ा खर्चा नहीं है। देश को यह खर्च करने के लिये तैयार रहना चाहिये। इस के अलावा अगर कोई और आपत्ति हो सकती है तो मैं समझ सकता हूं। लेकिन चुनाव को ठीक रखने के लिये 18 करोड़ का खर्चा को अधिक खर्चा नहीं है। लेकिन मंत्री महोदय ने इस बात को भी स्वीकार नहीं किया।

मुझे यह सुनकर ताज्जुब हुआ कि चुनाव आयोग को बहुसदस्यीय बनाने के सुझाव से मन्त्री महोदय सहमत नहीं है। वह यह जानते हैं कि चुनाव कमीशन की जिम्मेदारियां बढ़ी हैं, उसे क्वासी-जुडिशियल फंक्शन्ज भी अदा करने पड़ते हैं, लेकिन सदस्य एक है मैंने उसकी नियुक्ति के बारे में एक बुनियादी प्रश्न खड़ा किया था कि आखिर नियुक्ति का तरीका ऐसा क्यों न होना चाहिये जिस में किसी आपत्ति की गुंजाइश न रहे। ऐसा हो सकता है। आखिर हम ने लोकायुक्त और लोकपाल के विधेयक में इस बात की व्यवस्था की है कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की सलाह से राष्ट्रपति महोदय नियुक्ति करेंगे और नियुक्ति के पहले विरोधी दल के नेता की भी राय ली जाएगी। क्या चीफ इलेक्शन कमिश्नर की नियुक्ति के बारे में हम यह तरीका नहीं अपना सकते? हम सुप्रीम कोर्ट के किसी रिटायर्ड जज को चीफ इलेक्शन कमिश्नर बनाने का फैसला कर सकते हैं और यह भी फैसला कर सकते हैं कि रिटायरमेन्ट के बाद उस को कहीं और नौकरी पर नहीं लिया जायेगा मैंने उदाहरण दिया था कि पहले जो चीफ इलेक्शन कमिश्नर थे, वह लॉ-मेम्बर थे, फिर इलैक्शन कमीशन में आये, वहां से हटने के बाद लॉ-कमीशन के मेम्बर बन गये। मैं किसी व्यक्ति पर आक्षेप नहीं कर रहा हूं—मेरा नियुक्ति करने की प्रक्रिया पर मतभेद है। अगर बहुसदस्यीय कमीशन होगा तो अपने दायित्व का ठीक तरह से पालन कर सकता है, उस के निर्णय अधिक न्यायपूर्ण हो सकते हैं और अपने बारे में भी वह जनता में अधिक विश्वास सम्पादन कर सकता है।

मुझे खेद है कि जिस भावना से यह प्रस्ताव रखा गया था, उस भावना से हमारे कांग्रेसी सदस्यों ने इस पर चर्चा नहीं की। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि यह प्रस्ताव उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के चुनाव के पहले रखा गया था। हमारा सम्बन्ध पद्धति बदलने से है, कोई भी दल उस से लाभान्वित हो सकता है। वर्तमान पद्धति किसी भी दल के लिये अनुकूल साबित हो सकती है। लेकिन जब पद्धति का प्रश्न आता है तो आप उदाहरण रखिये, आप आदर्श रखिये—यह बातें कम से कम वरिष्ठ सदस्यों के मुंह से शोभा नहीं देती। मेरी पार्टी दूध की धुली है यह मैं दावा नहीं करता, लेकिन आज की प्रक्रिया ऐसी है कि जिस में हर पार्टी को ऐसे कर्म करने पड़ते हैं जो आपत्तिजनक हैं, जो लोकतन्त्र की गरिमा को दूषित करते हैं। उस में मैं आदर्श रखूं, आप आदर्श रखें, यह प्रश्न नहीं है। प्रश्न है प्रणाली का—अगर प्रणाली बदल दी जायगी तो सभी राजनीतिक दलों के लिये उस में से अच्छे ढंग से आचरण करने के रास्ते खुलेंगे।

अभी मैं सुन रहा था एक माननीय सदस्य यहां बैठे हुए हैं, बुजुर्ग हैं, वह पंजाब से चुन कर आये हैं, वह निराधार और शरारतपूर्ण आरोप भारतीय जन संघ पर लगा रहे थे—भारतीय जनसंघ ने उत्तर प्रदेश में मुस्लिम लीग को पैसा दिया। मैं ने प्रधान मंत्री जी को चुनौती दी थी कि आप अपना आरोप साबित कीजिये, अगर आप साबित कर दें तो मैं लोक सभा से इस्तीफा देने को तैयार हूं। क्या आप यह आरोप साबित कर सकते हैं? मैं चाहता हूं कि एक कमेटी बनाई जाये—इस

[श्री अटल विहारी वाजपेयी]

हाउस की—जो इस आरोप की जांच कर। चुनाव में बाहर बातें करना मैं समझ सकता हूं, मगर चुनाव समाप्त हो गये, चुनाव के परिणाम आ गये, आप विजय के मद में मत डूबिये, सदन में खड़े हो कर इस तरह के आरोप लगाना अनैतिकता है और अगर आप में शक्ति है, आप के पास प्रमाण है तो आप साबित करिये जिन्होंने केरल में मुस्लिम लीग के साथ मिल कर सरकार बनाई थी हम पर आरोप लगाते हैं—मुस्लिम लीग के साथ गठबन्धन करने का। किसी के साथ सरकार बनाने में कोई हर्ज नहीं है, मगर यह आरोप के रूप में कहा जाता है और वे आरोप लगाते हैं जो यह पाप कर चुके हैं। वह इस लिये नहीं कि आरोप सही है बल्कि अपने पाप को धोने के लिये उस पर पर्दा डालने के लिये दूसरों पर आरोप लगाते हैं।

मैंने अपने भाषण में इस प्रस्ताव को दलगत राजनीति का रंग देने का कोई प्रयत्न नहीं किया। चुनाव में अनियमितताये होती हैं, वे किसी भी दल के मार्ग में बाधक बन सकती हैं। हम चाहते हैं कि अनियमितताये न हों, चुनाव का प्रबन्ध ऐसा होना चाहिये कि किसी को अंगुली उठाने का अवसर नहीं मिलना चाहिये। मैं जानता हूं सहारनपुर चुनाव क्षेत्र में गिनती हो रही है, तो, यह बात सच है कि मुस्लिम लीग का उम्मीदवार 400 वोटों से आगे था, बिजली चली गई और जब बाद में बिजली आई . . .

श्री डी० पी० धर : तो बिजली गिरी होगी।

श्री अटल विहारी वाजपेयी वह बिजली गिरी मुस्लिम लीग पर। आप बिजली ले भी जाते हैं और गिरा भी देते हैं। परिणाम यह हुआ कि मुस्लिम लीग का उम्मीदवार हारा हुआ घोषित कर दिया गया।

अभी हमारे उड़ीसा के मेम्बर बतला रहे थे—वहां मुख्य मंत्री के क्षेत्र में क्या हुआ, वहां भी बिजली गिरी। यह बिजली विरोधी दलों पर गिरती है—यह रहस्य समझ में नहीं आता है

सभापति महोदय बिजली पहचानती होगी।

श्री अटल विहारी वाजपेयी : अगर इस तरह की शिकायतें आती हैं तो उन्हें यह कह कर रद्द नहीं किया जा सकता कि चुनाव में हार गये इस लिये शिकायत कर रहे हैं। सब से पहले मुस्लिम लीग के नेता ने सदन में कहा, उन के बाद माहतरी साहब ने कहा, जब इस माननीय सदन के दो माननीय सदस्य इस तरह की बातें कहते हैं तो मैं उन की अनसुनी नहीं कर सकता, मुझे उस का नोटिस लेना पड़ता है और मैं चाहूंगा कि सताईस दल के सदस्य उसका नोटिस लें। अगर इस तरह की अनियमितताये होती हैं तो उन की जांच होनी चाहिये। लोकतन्त्र हमें जीवित रखना है, उसे सबल बनाना है तेजस्वी बनाना है, लोकतन्त्र तब तक नहीं चलेगा जब तक चुनाव सच्चा स्वतन्त्र और निष्पक्ष नहीं होंगे। मैं चाहता हूं कि मेरे प्रस्ताव को विधि मंत्री स्वीकार कर लें, यदि नहीं करते हैं, तो मैं सदन से कहूंगा कि मेरे प्रस्ताव को स्वीकार करें। धन्यवाद।

MR CHAIRMAN: First, I will have to put the amendments to the vote of the House There are amendments by Shri Ramavtar Shastri. He is not here. Even then, the amendments will have to be put to vote.

I now put Amendment Nos 1 and 3 moved by Shri Ramavatar Shastri to the vote of the House.

Amendments Nos. 1 and 3 were put and negatived.

MR. CHAIRMAN: There is also an amendment moved by Shri Bibhuti Mishra, No 4.

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारि) : मेरे संशोधन को स्प्रिट को मान लीजिए । मैं इसे वापस लेता हू ।

MR CHAIRMAN He is withdrawing the amendment

Amendment No 4, was, by leave withdrawn

MR CHAIRMAN Now, I take the Resolution of Mr Vajpayee

Mr Vajpayee are you withdrawing the Resolution after the spirit in which it has been considered?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE After the unsatisfactory reply of the hon Minister there is no question of withdrawing the Resolution

MR CHAIRMAN The question is

"This House expresses concern over the growing influence of money-power and abuse of official machinery in elections and in order to ensure free and fair elections directs the Government that—

(i) recognised political parties be given election grants as recommended by the Wanchoo Committee;

(ii) recommendations of the Joint Committee on Amendments to Election Law regarding equal radio-time for recognised political parties, making of Election Commission a multi-member body reducing voting age to 18 years, and examination by high-power Committee of feasibility of adopting List System, be implemented;

(iii) Ministers be prohibited from using official machinery such as aircrafts, helicopters, vehicles and other facilities except on terms of parity with other recognised political parties; and

(iv) counting of votes be conducted booth-wise"

The motion was negatived

18.15 hrs.

RESOLUTION *RE* POLICY IN RESPECT OF PRICES AND AGRICULTURAL PRODUCTION

MR CHAIRMAN We now take up the next Resolution

Shri Madhu Limaye

श्री मधु लिमये (बांका) मैं प्रस्ताव करता हूं

This House is of opinion that the Government should recast its policy with regard to prices and agricultural production in such a way that—

(a) essential articles of consumption sell at 1½ times the cost of production, including transport charges, taxes and profits,

(b) there shall prevail parity between the prices of industrial goods and agricultural produce;

(c) fluctuations in foodgrain prices of more than 15 per cent shall not be permitted;

(d) the Government shall take the responsibility of purchasing cotton, sugar-cane, raw jute, foodgrains and other produce at support prices which may take into account the cost of production plus a reasonable margin for the farmers;

(e) electricity rate per unit for agricultural purposes shall not be more than ten paise, and

(f) fertilisers shall be made available to the Kisans with land holdings of less than ten acres at subsidised rates and the irrigation rates shall be reduced by 25 per cent"